उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर – 208001

प्रशासकीय परिषद की 28वीं बैठक की

कार्यवृत्त।

बैठक की संख्या : 28वीं (अठाइसवीं)

बैठक स्थान : बाई–सर्कुलेशन

बैठक ई–मेल दिनांक : फरवरी, 2–3, 2024

उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद की बाई–सर्कुलेशन के माध्यम से फरवरी, 2–3, 2024 को सम्पन्न हुई अठाइसवीं बैठक का कार्यवृत्त।

28.01 शैक्षणिक वर्ष 2024–25 से कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में नये पाठ्यक्रम बी0टेक0 की शुरूआत के संबंध में निम्नलिखित के लिए अनुमोदन का अनुरोध किया गया था।

(i) डी0डी0क्यू0आई0पी0 योजना के तहत नवनिर्मित भवन में उपलब्ध कक्षों का उपयोग करना।

(ii) बी0टेक0 सी0एस0ई0 के दूसरे, तीसरे और अन्तिम वर्ष में आवश्यक अधिक प्रयोगशालाओं के लिए उसी भवन में उपलब्ध प्रयोगशाला क्षेत्र का उपयोग करना।

(iii) पहले वर्ष में संस्थान में उपलब्ध कम्प्यूटर लैब का उपयोग करना।

(iv) 5 वर्षों के लिए संविदा के आधार पर संकाय सदस्यों का विज्ञापन और भर्ती करना। कुल 09 संकाय सदस्यों का चयन 3 चरणों में किया जायेगा। वर्ष 2025–26 में 3 सहायक प्रोफेसर, वर्ष 2026–27 में 3(02 सहायक प्रोफेसर + 01 एसोसिएट प्रोफेसर) और वर्ष 2027–28 में 3 (01 सहायक प्रोफेसर + 01 एसोसिएट प्रोफेसर + 01 प्रोफेसर)। शैक्षणिक योग्यता ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार होगी। एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पदों हेतु अर्ह आवेदक उपलब्ध न होने की स्थिति में उन पदों को असिस्टेन्ट प्रोफेसर से भरा जायेगा। अन्य शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में संविदा शिक्षण संकाय हेतु अवकाश नियमों का यथावत पालन किया जायेगा।

(v) छात्रावास का विकल्प चुनने वाले छात्रों को छात्रावास उपलब्ध कराया जायेगा।

(vi) प्रवेशित छात्रों के लिए शिक्षण शुल्क, स्व–वित्तपोषण योजना के तहत बी0टेक0 पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले अन्य सरकारी कॉलेजों की तरह ही होगा। अन्य सभी देय शुल्क संस्थान के अन्य सभी नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होंगे।

(vii) एक जूनियर कम्प्यूटर प्रोग्रामर और नेटवर्क इंजीनियर, चार लैब टेक्निशियन, चार लैब असिस्टेन्ट तथा एक कनिष्ठ सहायक की सेवाएं आउटसोर्सिंग के जरिए चरणबद्ध तरीके से प्राप्त की जाये।

प्रशासकीय परिषद के सदस्यों द्वारा विचारोपरान्त बाई–सर्कुलेशन ई–मेल द्वारा प्रेषित उपरोक्त प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया ।

(डा0 जी0 नलनकिल्ली)
निदेशक एवं सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

(एम0 देवराज)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर